(ख) यदि हां, तो इस कारखाने के लिए किस स्थान पर विचार किया जा रहा है और इसकी स्थापना कब की जाएगी ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जगदम्बी प्रसाद यादव) : (क) जी हां ।

(ख) देहरादून में एक नया प्लान्ट स्थापित करने का अनन्तिम रूप से फैसला कर लिया गया है । इसका ब्यौरा तैयार किया जा रहा है ।

मध्य प्रदेश बस्तर जिले के गांवों में चिकित्सा सुविधायें

514. **श्री अघन सिंह ठाकुर :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश के बस्तर जिले में ग्रामीणों को पर्याप्त चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध नहीं हैं ; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार का विचार क्या कार्यवाही करने का है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जगदम्बी प्रसाद यादव) : (क) और (ख). उत्तर के लिए आवश्यक सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा-पटल पर रखी जाएगी ।

मध्य प्रदेश को चिकित्सा सहायता

516. **श्री अघन सिंह ठाकुर :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय सरकार ने गत वर्ष मध्य प्रदेश राज्य को चिकित्सा संबंधी सहायता के लिए कितनी राशि की स्वीकृति दी थी ;

(ख) राज्य को वास्तव में कितनी राशि उपलब्ध की गई ;

(ग) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सरकार ने राज्य को 100 करोड़ रुपए देना है परन्तु यह राशि अभी तक नहीं दी गई है; और

(घ) यदि हां, तो चिकित्सा सुविधाओं के बारे में लोगों को हो रही कठिनाइयों को दूर करने के लिए यह राशि कब तक उपलब्ध की जाएगी ।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जगदम्बी प्रसाद यादव) : (क) और (ख). भिन्न-भिन्न चिकित्सा तथा जन स्वास्थ्य कायक्रमों के अन्तर्गत विभिन्न केन्द्रीय एवं केन्द्र प्रायोजित प्लान स्कीमों के लिए, जिनमें जन स्वास्थ्य रक्षक योजना तथा भारतीय चिकित्सा पद्धतियों का विकास शामिल है, राज्यों को नगदी एवंमाल के रूप में वित्तीय सहायता दी जाती है । वर्ष 1977–78 के दौरान विभिन्न कायक्रम चलाने के आपरेशनल खच को पूरा करने के लिए मध्य प्रदेश को 484.21 लाख रुपये नियत किये गए हैं जिनमें से अब तक 250.50 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है । शेष भुगतान राज्य सरकार ने इन स्कीमों की प्रगति तथा खर्च सम्बन्धी रिपोर्टें प्राप्त होने पर किया जाएगा जिसके लिए अनुस्मारक भेजा जा चुका है । राज्य को उपकरणों तथा कीटनाशी औषधियों इत्यादि के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है और इस प्रयोजन के लिए 1977–78 के दौरान 334.40 लाख रुपयें रखे गये हैं ।

(ग) जी, नहीं ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।